कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक – आर0 ओ0/डी0 आई0 सी0/2022/840, दिनांक – 30 जुलाई, 2022

प्रेस विज्ञप्ति/सूचना

बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा – 2022

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा – 2022 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in के माध्यम से ऑनलाईन आमन्त्रित किये किये गये थे, जिसकी अन्तिम तिथि 30 जुलाई, 2022 (रात्रि 11:59 तक) रखी गयी थी। माननीय कुलपति जी की अनुमति के क्रम में व्यापक छात्रहित में **बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा – 2022 हेतु ऑनलाईन पंजीकरण की तिथि को दिनांक 16 अगस्त, 2022 (रात्रि 11:59 तक) विस्तारित किया जाता है।** अन्तिम तिथि के उपरान्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र अथवा परीक्षा शुल्क जमा किया जाना सम्भव नहीं होगा।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र ऑनलाईन माध्यम से ही डाउनलोड किये जाने होंगे। डाक अथवा किसी भी अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे।

बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा की प्रस्तावित तिथि दिनांक 07 अगस्त, 2022 (रविवार) को स्थगित किया जाता है। नई प्रवेश परीक्षा तिथि विश्वविद्यालय की वैबसाईट व विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से शीघ्र घोषित की जायेगी। बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in में अपलोड की गयी विवरणिका (Information Brochure) से प्राप्त की जा सकती है।

Sanjay Pant 30/07/2022

निदेशक, डी0 आई0 सी0/संयोजक प्रवेश

पृष्ठांकन सं0 – आर0 ओ0/डी0 आई0 सी0/2022/840, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक – 31 जुलाई, 2022 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

- कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- प्रभारी, ई0 आर0 पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त के दृष्टिगत पोर्टल सम्बन्धी समस्त आवश्यक कार्यवाही यथासमय सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

Sanjay Pant 30/07/2022

निदेशक, डी0 आई0 सी0/संयोजक प्रवेश